सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 282 | इंदौर, बुधवार 24 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मप्र में 3 दिन बारिश ओले-आंधी का अलर्ट

## 25-26 अप्रैल को 35 जिले भीगेंगे, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-जबलपुर में भी बारिश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन यानी 26 अप्रैल तक बारिश, आंधी और ओले का अलर्ट है। 25 और 26 अप्रैल को करीब 35 जिलों में मौसम बदला रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरा मालवा-निमाड़ भी भीगेगा। इससे पहले मंगलवार को छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में बारिश हुई। छिंदवाड़ा में ओले भी गिरे। इससे दिन के टेम्प्रेचर में गिरावट भी हुई है।**

मौसम विभाग के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से प्रदेश में ऐसा सिस्टम है। लगातार 5 दिन से बारिश हो रही है। छठवें दिन बुधवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत 17 जिलों में बारिश होने का अनुमान है।

### खरगोन-नरसिंहपुर सबसे गर्म रहे

1. बारिश के बीच मंगलवार को कई जिलों में गर्मी का असर भी देखने को मिला। खरगोन में टेम्प्रेचर सबसे ज्यादा 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, नरसिंहपुर में पारा 41 डिग्री रहा।
2. खंडवा, खजुराहो, नौगांव और रीवा में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया।
3. बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 38.9 डिग्री, इंदौर में 38.4 डिग्री, ग्वालियर में 39.5 डिग्री, जबलपुर में 38.3 डिग्री और उज्जैन में पारा 38 डिग्री दर्ज किया गया।
4. पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 31.4 डिग्री रहा। सिवनी में 34.2 डिग्री और छिंदवाड़ा में 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 26 अप्रैल से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस

IMD भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि बीते 24 घंटे में कई जिलों में बारिश हुई है। पूर्वी-पश्चिमी दोनों ही हिस्सों में मौसम बदला रहा। वर्तमान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजर रही है। 26 अप्रैल को पश्चिमी भारत से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस आ रहा है। इस कारण अगले कुछ दिन तक प्रदेश में बारिश जारी रहेगी।

### कब-कहां बारिश के आसार

**24 अप्रैलः** भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सीहोर, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, शाजापुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों में।

**25 अप्रैलः** भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, नरसिंहपुर, रायसेन, दमोह, सागर, विदिशा, अशोकनगर, गुना, श्योपुर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ जिलों में।

**26 अप्रैलः** इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, धार, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, रायसेन, विदिशा, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, श्योपुरकलां, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, पन्ना, सतना, रीवा जिलों में।

### 27 अप्रैल को बादल छाएंगे

27 अप्रैल को प्रदेश में बारिश होने का अभी अलर्ट नहीं है, लेकिन बादल छाए रहेंगे। इनमें आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला और बालाघाट जिले शामिल हैं।

### अप्रैल में 11 दिन तक का रिकॉर्ड बना

अप्रैल में बारिश के कई रिकॉर्ड टूटे। भोपाल में करीब पौने 2 इंच बारिश हो गई। वहीं, अप्रैल में लगातार 11 दिन तक बारिश होने का रिकॉर्ड भी बना है। 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रदेश में लगातार बारिश हुई है। अब फिर से प्रदेश भीग रहा है। 27 अप्रैल तक बारिश होने का अनुमान है। दूसरे सिस्टम से लगातार पांच दिन तक बारिश हो चुकी है।

# छोटी बहन से कहासुनी के बाद सुसाइड

## प्रॉपर्टी ब्रोकर के 17 साल के बेटे ने दी जान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रॉप्टी ब्रोकर के 17 साल के बेटे ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि मंगलवार रात उसका छोटी बहन से विवाद हुआ था। जिसमें बहन को उसने थप्पड़ मार दिया। इसमें मां ने उसे डांटा तो वह कमरे में चले गया ओर वहां जाकर इस तरह का कदम उठा लिया।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना पदमालय कॉलोनी एअरपोर्ट रोड़ की है। यहां रहने वोल शोर्य(17) पुत्र अशोक कदम ने अपने घर के उपरी मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। रात में वह शादी में जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान 15 साल की छोटी बहन से विवाद हुआ ओर वह उपर के कमरे में चले गया।

### बहन को मस्ती मजाक में मारा थप्पड़, मां से डांटा था

शोर्य को परिवार के साथ बुधवार को रिश्तेदारों के यहां शादी में जाना था। रात में बहन ओर भाई को मां ने कहां कि अपने कपड़े जमा ले। दोनो कपड़े पैक कर रहे थे। इस दौरान एक दूसरे के कपड़े बैग में रखने को लेकर उनकी मस्ती मजाक में कहासुनी हुई ओर शोर्य ने छोटी बहन पर हाथ उठा दिया। इस दौरान मां ने उससे कहां कि वह बड़ा है। इस तरह की हरकत अच्छी नही लगती। एक ही बहन है उसके साथ अच्छे से रहना चाहिए। इसके बाद शोर्य दुखी हुआ ओर उपर कमरे में चले गया।

### बहन ही मनाने पहुंची तो नही खोला दरवाजा

परिवार के लोगो ने बताया कि शोर्य करीब काफी देर तक रात में नीचे नही आया। मां पिता ने कहां कि जाकर उसे मनाकर ले आए। जब बहन उपर गई तो काफी देर तक शोर्य ने दरवाजा नही खोला। पिता के पहुंचने पर उन्होंने झांककर देखा तो वह फंदे पर लटके हुए दिखा। इसके बाद दरवाजा का लॉक तोड़कर उसे बाहर निकाला गया ओर नजदीक के अस्पताल ले गए।

# लिफ्ट की केबल टूटी, पांचवीं मंजिल से गिरा मजदूर

## साथी बोले- केबल टूटने की आवाज आई और धड़ाम से नीचे गिर गया, मौके पर ही दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूड़िया में निर्माणाधीन स्कूल बिल्डिंग की लिफ्ट टूटने से मजदूर की मौत हो गई। मजदूर पांचवी मंजिल पर काम कर रहा था। वह जैसे ही नीचे आने लगा लिफ्ट की केबल टूट गई। मजदूर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना तलावली चांदा की है। यहां डीसीएम स्कूल की पांचवी मंजिल की छत भराने का काम चल रहा था। तभी अचालक लिफ्ट टूट गई। इस पर बैठा कमल पुत्र सौदान सिंह सोलंकी निवासी चंदन नगर लिफ्ट सहित नीचे आ गया। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहां काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि बिल्डिंग में ओर भी मजदूर कमल के साथ काम कर रहे थे। वह लिफ्ट में बैठा हुआ था। बाकि छत पर थे। अचानक लोहे का तार टूटने की आवाज आई। पलक झपकते ही कमल नीचे नजर आया। यहां घटना के समय ठेकेदार मुकेश भी मौजूद था।

गर्मी के बढ़ते तापमान के कारण शहर में गहराता जा रहा है जलसंकट ...

# शहर के अधिकांश वार्डों में टैंकरों से बुझाई जा रही है लोगों की प्यास...

- 25 से भी ज्यादा वार्डों में दौड़ाए जा रहे है पानी के टैंकर

- शहर के अनेक स्थानों के सार्वजनिक बोरिंग सुखने लगे है.....

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गर्मी का तापमान बढ़ते ही शहर में भीषण गर्मी पड़ने लगी है। गर्मी के कारण शहर में जलसंकट गहराने लगा है। हालांकि इसके निदान के लिए टैंकरों से पानी की पूर्ति की जा रही है। अनुमान है कि अगर यही हाल रहा तो इस साल पिछले साल की तुलना में पानी की किल्लत अधिक हो सकती है। निगम सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में शहर के 25 से अधिक वार्डों में जलसंकट है। यह वह वार्ड हैं जो अभी हाल ही निगम सीमा में शामिल किए गए हैं और जहां नर्मदा लाइन नहीं है। यहां के लोग पूरी तरह से बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं।

जलसंकट से निपटने के लिए नगर निगम ने मौजूदा समय में 225 टैंकर लगा रखे हैं, जिनमें से 86 टैंकर नगर निगम के हैं, बाकी निगम ने किराए से लेकर लगा रखा है। यह पानी के टैंकर उन कॉलोनियों और वार्डों में लगे हैं, जहां की बोरिंग सूख गई है। संभावना यह जताई जा रही है कि अगर पानी की इसी तरह से मांग रही तो जल्द ही 100 पानी के टैंकर और लगाना पड़ सकते हैं।

### समय से पहले सूख गए बोरिंग

नगर निगम, प्रशासन को जिस तरह से पानी के टैंकर कई वार्डों में लगाना पड़ रहा है उसके पीछे कारण इन वार्डों और कॉलोनियों की बोरिंगों का समय से पहले सूख जाना है। एक अनुमान के अनुसार नगरीय सीमा में कई ऐसी कॉलोनी और मल्टियां हैं जिन पर पानी पूर्ति बोरिंगों द्वारा होती है। नगरीय सीमा में 6 हजार बोरिंग हैं, जिनमें से मौजूदा समय में 8 से 10 प्रतिशत बोरिंग सूख चुके हैं। अब इन कॉलोनियों और वार्डों में टैकरों के माध्यम में पानी की सप्लाई नगर निगम द्वारा की जा रही है।

### पानी की सप्लाई टैंकरों के माध्यम से

नर्मदा प्रोजेक्ट के कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि बांबे हॉस्पिटल से लगी क्लासिक पूर्णिमा नाम से एक कॉलोनी है। यहां 50 से 60 घर हैं। यहां के सभी बोरिंग सूख चुके हैं। यहां के रहवासी पानी को लेकर पूरी तरह से निगम पर निर्भर हैं। मौजूदा समय में नगर निगम द्वारा पानी की सप्लाई टैंकरों के माध्यम से की जा रही है। श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल इस कॉलोनी में एक टैंकर भेजा जा रहा है। इस तरह से अन्य कई कॉलोनियां और वार्ड हैं, जहां पर यह स्थिति बनी हुई है।

### वार्ड 79 में सबसे ज्यादा 11 टैंकर

शहर के कई वार्डों में पानी के टैंकरों द्वारा पानी की सप्लाई की जा रही है, जिनमें वार्ड क्रमांक 11,15,16,20,75, 76, 77,78,79 82 और वार्ड क्रमांक 85 शामिल है। निगम सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 79 नगरीय सीमा का सबसे बड़ा वार्ड है। मौजूदा समय में इस वार्ड में नगर निगम ने 11 पानी के टैंकर लगा रखे हैं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 82 और 85 में सात-सात पानी के टैंकर लगे हुए हैं। वार्ड क्रमांक 76 में छह और 75 में चार टैंकर लगाए गए हैं, वहीं वार्ड क्रमांक 15 तथा 16 में तीन-तीन टैंकर लगे हैं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 77 और वार्ड क्रमांक 20 में दो-दो पानी के टैंकरों द्वारा सप्लाई की जा रही है। तालाबों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है, वह चिंताजनक है। यही हाल रहा तो यशवंत सागर में नर्मदा-गंभीर लिंक के माध्यम से पानी डाला जाएगा। इससे जलापूर्ति में थोड़ी राहत मिलेगी।

### जरुरत पड़ी तो टैंकरों की संख्या बढ़ाएंगे-शर्मा

नगर निगम जल कार्य तथा सीवरेज समिति प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि शहर में जिन-जिन वाडों में जलसंकट है, उन सभी वाडों में टैंकरों के जरिए पानी की पूर्ति की जा रही है। आगे जरुरत पड़ी तो टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

## छात्रों और शिक्षकों को बताया मतदान का महत्व

### मालवांचल यूनिवर्सिटी और इंडेक्स समूह संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मालवांचल यूनिवर्सिटी इंडेक्स समूह संस्थान में छात्रों और शिक्षकों को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इंडेक्स समूह द्वारा लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इंडेक्स मेडिकल, फिजियोथैरेपी, डेंटल, नर्सिंग सहित हॉस्पिटल में भी मतदान के लिए छात्रों और शिक्षकों को मतदान में शामिल होने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया, वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया, मालवांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ.संजीव नारंग ने छात्रों से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर इंडेक्स मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.जीएस पटेल, एडिशनल डायरेक्टर व चिकित्सा प्रकोष्ठ सह संयोजक डॉ. आर सी यादव, प्राचार्या फिजियोथेरेपी पैरामेडिकल डॉ. रेशमा खुराना, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. बलराम गुप्ता, डॉ. गर्ग सहित अन्य शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। इस मौके पर सभी छात्राओं को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों और शिक्षकों को शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

# वोट डालकर आओ.... पोहा-जलेबी, चाइनीज सब फ्री खाओ

### सीनियर सिटीजन और पहली बार के वोटर्स के लिए स्पेशल ऑफर भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जायके की राजधानी इंदौर में लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। 13 मई को छप्पन समेत तमाम मार्केट में वोटिंग के दिन खाने-पीने में खास छूट दी जाएगी। गर्मी को देखते हुए उससे जुड़े आइटम को खास तौर पर शामिल किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छप्पन मार्केट समेत कई प्रतिष्ठानों ने इस छूट पर जिला प्रशासन को सहमति दे दी है।**

इनमें फ्री आइसक्रीम, पोहा-जलेबी, कोल्ड्रिंक के अलावा भी कई आइटम पर ऑफर दिए जाएंगे। इसके अलग अलग-अलग कैटेगरी, टाइमिंग का दायरा तय किया जा रहा है। वोटर्स को वोटर कार्ड के अलावा उंगली पर स्याही का निशान दिखाना पड़ेगा।

पहली बार वोट देने वाले युवा के अलावा वरिष्ठ नागरिक, जो वोटिंग के दिन सुबह 9 बजे के पहले मत डाल आते हैं, उन्हें पोहा, जलेबी के साथ आइसक्रीम भी खिलाई जाएगी।

### वोटिंग डे पर खानपान में कहां फ्री, कहां छूट..

छप्पन दुकान एसोसिएशन : सुबह 7 बजे से 9 बजे तक वोट देने वालों को फ्री पोहा, जलेबी पहली बार वोट डालने वाले युवाओं के अलावा सुबह जल्दी वोट डालने वाले सीनियर सिटीजंस को आइसक्रीम भी मिलेगी।

चॉइस चाइनीज सेंटर -कृष्णपुरा छत्री रोड पर बजरंग मंदिर के पास मन्चुरियन और नूडल्स फ्री

अपना स्वीट्स - सभी आउट लेट एवं ग्रैंड माचल रिसोर्ट में सभी आइटम पर 10 प्रतिश की छूट

रोहन झाजरिया की ओर से -चुनिंदा 50-60 मतदान केन्द्रों पर फ्री नाश्ता और कोल्डड्रिंक

होटल एसोसिएशन -स्पेशल डिस्काउंट मिलेगा, जिसकी घोषणा जल्द कर दी जाएगी

### 5 मई को मैराथन भी होगी

वोटिंग से सात दिन पहले 5 मई को सुबह 5.30 बजे मैराथन भी कराई जाएगी। आयोजक छाबड़ा ग्रुप को बनाया गया है। 5 किलोमीटर तक दौड़ने वालों को गिफ्ट, मैडल, प्रमाणपत्र, टी शर्ट आदि दिए जाएंगे। 10 किमी तक की दौड़ पूरी करने वालों को ये सभी गिफ्ट मिलेगा। तीन पुरस्कार भी रखे गए हैं।

### कलेक्टर ने ली बैठक

मंगलवार शाम को कलेक्टर आशीष सिंह ने अलग-अलग एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक ली। इसमें पदाधिकारियों ने ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए अपने ओर सुझाव दिए। इसके साथ ही इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने की बात कही ताकि लोगों में जागरूकता आए।

### पिछली बार 70.02 प्रतिशत वोट पड़े थे

दरअसल, चुनाव गर्मी में होने से वोटिंग पर्सेंट कम रहने की आशंका है। पिछली बार भी 70.02 प्रतिशत ही वोट पड़ा था। इस बार इसे 75 के आसपास ले जाने की कोशिश की जाएगी। बता दें कि देश में मतदान के पहले चरण में वोटिंग प्रतिशत में कमी आई है। इससे चुनाव आयोग भी चिंतित है।

# पानी को तरस रहे है ट्रेजर बिहार टाउनशिप के रहवासी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **ट्रेजर बिहार टाउनशिप इंदौर बीजलपुर बड़ी संख्या में 28 मल्टी बिल्डिंग है जिसमें करीब 3500 लोग निवास करते हैं । यहां पर पानी की समस्याएं सप्लाई की हमेशा रहती है कई बार यहां के लोगों ने कई धरना प्रदर्शन भी किया। बैनर बोर्ड भी लगे और नो वाटर नो वोट के अभियान भी चलाई । लेकिन ना तो यहां के नेताओं को कोई फर्क पड़ा ना प्रशासन की आंखें खुली ।**

आखिर 3500 लोगों का अगर वाटर सप्लाई घर पर नहीं होगा तो उनके दिनचर्या पानी पीने नहाने धोने साफ सफाई का पानी कहां से आएगा । प्रशासन और कलेक्टर को कई बार ज्ञापन कलेक्टर ऑफिस जनसुनवाई पर भी दिए गए लेकिन उनकी तरफ से ऐसा कोई हल या निराकरण नहीं निकला गया कि यहां की प्यासी जनता को पानी मिल सके। आज यहां कलेक्टर ऑफिस पर बिहार वासियों की तरफ से एक ज्ञापन कलेक्टर को देने की योजना बनाई जिसमें यह बताया जा रहा है कि हम लोगों की पानी की समस्या का निराकरण और हल कब होगा हम कब तक आए दिन पानी के लिए परेशान होते रहेंगे।

जिन लोगों ने यह कॉलोनी बसाई है क्या उनका कोई भी फर्ज नहीं बनता या नगर निगम जिसके अंतर्गत यह कॉलोनी आती है क्या उसका भी कोई फर्ज नहीं बनता कि आखिर पता करें कि उनकी पानी की समस्या का हल क्या है । कोई सुद्ध लेने वाला नहीं है । अतः हम अब ज्ञापन धरना और बैनर लगाते लगाते थक चुके हैं । अब या तो आमरण अनशन पर चले जाएं या फिर चुप होकर अपने-अपने घर में प्यास बिना पानी के रह जाए।

# शहर के वास्तविक वाटर बैंक बहुत तेजी से हो रहा खाली, नदी आईसीयू में चली गई

## पानी वाले बाबा राजेन्द्रसिंह ने सेवा सुरभि के कार्यक्रम में कहा - अभी इंदौर में बैंगलुरू जैसे जल संकट के हालात नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर एक पानीदार शहर है, लेकिन यहां की नदी आईसीयू में पहुंच गई है। उसकी बीमारी का सही ईलाज करने के बजाय आप उसे ब्यूटी पार्लर में ले जा रहे हैं। मैं 1994 में पहली बार इंदौर आया था। यह ऐसा सांस्कृतिक शहर है, जो किसी भी मुद्दे पर सामूहिक चिंतन कर उनका निराकरण ढूंढ लेता है। हर जगह वाटर रिचार्जिंग कामयाब नहीं होते। यह समझ से परे बात है कि जब यहां नर्मदा का अगला चरण आ गया तो फिर धरती का पेट खाली कर बोरिंग क्यों किए जा रहे हैं।यहां का वास्तविक वाटर बैंक बहुत तेजी से खाली हो रहा है। शहर के युवा महापौर को इस मामले में पूरी संजीदगी के साथ प्रयास करना होंगे। शहर में अभी बैंगलुरू जैसे हालात नहीं बने हैं।**

पानी वाले बाबा के नाम से प्रख्यात और तरुण भारत संघ के संस्थापक जल विशेषज्ञ राजेन्द्रसिंह ने मंगलवार को प्रेस क्लब सभागृह में संस्था सेवा सुरभि द्वारा आयोजित ह्यबैंगलुरू जैसे जल संकट से बचने के लिए क्या करें इंदौर विषय पर बोलते हुए उक्त बातें कहीं। प्रारंभ में आई.आई.एस.टी. के ग्रुप एडवाइजर अरुण भटनागर, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पद्मश्री जनक पलटा, अनिल त्रिवेदी, अरविंद बागड़ी एवं राजेन्द्रसिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था सेवा सुरभि की ओर से महापौर पुष्यमित्र भार्गव को शहर की जल समस्या के संदर्भ में प्रतिवेदन संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा ने भेंट किया, जिसका वाचन कार्यक्रम के सूत्रधार संजय पटेल ने किया। अतिथियों का स्वागत पर्यावरणविद जयश्री सिक्का, अतुल शेठ, अनिल मंगल आदि ने किया। कार्यक्रम की भूमिका पर्यावरणविद ओ.पी. जोशी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

राजेन्द्रसिंह ने इंदौर की तारीफ के साथ अपने व्याख्यान की शुरूआत करते हुए कहा कि यहां के लोग एक साथ बैठकर किसी भी समस्या पर चिंता और चिंतन कर लेते हैं और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लेते हैं। मैं लंबे समय बाद यहां आया हूं और कुछ हद तक देखा भी है कि यहां क्या-क्या बदला है। यह शहर अभी भी पानीदार है। 1994 में पहली बैठक में नर्मदा के अगले चरण के पानी को इंदौर लाने की बात हुई थी, जो अब पूरी हो चुकी है, लेकिन कुछ बातें चिंताजनक कही जाना चाहिए झ एक तो यह कि यहां का जो वास्तविक वाटर बैंक है वह बहुत तेजी से खाली हो रहा है। धरती के नीचे का पानी क्यों निकाला जा रहा है, जबकि यहां नर्मदा का पानी आ चुका है, यह समझ परे है। दूसरी बात यह है कि हर जगह वाटर रिचार्जिंग कामयाब नहीं होते। जहां धरती के ऊपर लगे पौधों से सामान्य रूप से पता चल जाता है कि वहां की मिट्टी में पानी है या नहीं। इसलिए यह जरूरी है कि जहां भी रिचार्ज करना है, वहां पहले जांच कर लें और उसके बाद रिचार्ज करें। जहां तक इंदौर की नदी की बात है मुझे लगता है कि वह आईसीयू में चली गई है। उसे एक बहुत बड़े डाक्टर की जरूरत है। बीमारी कुछ और है, लेकिन उसका उपचार आप ब्यूटी पार्लर में ले जाकर कर रहे हैं। इस पर जो भी पैसा भी पैसा खर्च हो रहा है, वह सही उपचार पर होना चाहिए।

## 111 परिवारों को राशन वितरण कर लिया सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ने का संकल्प

### डॉक्टरों के दिलों में भी जागृत हुआ सेवा का जज्बा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भगवान महावीर के सिद्धांत जियो और जीने दो का जज्बा अगर हम सामाजिक जीवन में भी अपनाए तो इससे अच्छी सार्थक पहल और क्या होगी।**

यह बात श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक सुकरत फंड कपड़ा कमेटी श्री जैन श्वेतांबर सुंदर बाई ओसवाल महिला श्रम विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 111 परिवारों को राशन वितरण कार्यक्रम में अतिथियों ने कही। सुकृत फंड अतिथि भवन पिपली बाजार में आयोजित कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा- विधुर, विकलांग और कैंसर पीड़ित 111 परिवारों को अनाज वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजीव चौधरी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष पोरवाल, समाजसेवी पुण्य पाल सुराणा आदि मौजूद थे। अपने उद्बोधन में डॉक्टर राजीव चौधरी ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरी तपस्या या आराधना नहीं है। भगवान महावीर का भी यही सिद्धांत था कि जियो और जीने दो। डॉ. मनीष पोरवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होता है कि वह समाज के लिए भी कुछ योगदान दें। वर्तमान आधुनिक दौर में सबसे जरूरी बात यह है कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को भी सामाजिक कार्यों से जोड़ना चाहिए। इसके लिए मैं अपने घर से ही शुरूआत कर रहा हूं और मैं अपने पुत्र करण को भी साथ में लेकर आया हूं कि वह भी अपने सामाजिक कर्तव्य बौद्ध से अवगत हो। आजकल चिकित्सा बहुत महंगी हो गई है। हमें अपने समाज के उन लोगों के लिए भी मेडिकल पॉलिसी उपलब्ध करवानी होगी जो कि खचीर्ले इलाज को नहीं करवा पाते। इसके लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा और कमजोर परिवारों के लिए मेडिकल पॉलिसी उपलब्ध करवाना होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हंसराज जैन, महेंद्र भाई शाह, राजेंद्र सुराणा, श्रेणिक तांडेड, देवेंद्र जवेरी, संजय मोगरा, हुकुमचंद सोलंकी आदि भी मौजूद थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय में पूर्व में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाली शिक्षिका श्रीमती सरिता शर्मा भी मौजूद रही। महेंद्र भाई शाह ने ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए ग्राम जखिया के पास विद्यालय और मांगलिक मैरिज गार्डन के लिए संगठन के फंड से जमीन क्रय कर ली गई है। अब समाज के लोगों को आगे आना होगा ताकि विद्यालय और गार्डन आकर ले सके।

## तिलकनगर मैनरोड को रिंगरोड से सीधे जोड़ने के लिए बनेगी नई लिंक रोड़

### नई रोड़ से घटेगा कनाडिया रोड़ का ट्रैफिक

### श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल से हॉस्पिटल तक एक जैसी बनेगी 80 फीट चौड़ी मुख्य सड़क

### सड़क के लिए बाधक निर्माण हटाने के लिए बनी सहमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नगर निगम द्वारा आने वाले दिनों में बेहद जल्द लंबे समय से मास्टर प्लान में मंजूर तिलकनगर से पूर्वी रिंगरोड को जोड़ने वाली सीधी सड़क का निर्माण चुनाव बाद इसी साल शुरू करेगा। इसको लेकर वैसे तमाम बाधाओं को हटाने की सभी से चर्चा होने के बाद इस लिंक रोड़ को बनाने की तैयारियां तेज हो गई है। इस मुख्य सड़क के बनने से कनाडियां रोड़ का ट्रैफिक भी 20 से 30 फीसदी तक घट जाएगा। साथ ही इस मार्ग पर वाहनों का दबाव भी कम होगा।

बताया गया है की तिलक नगर मेनरोड पर श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल से महावीर नगर पानी की टंकी से होते हुए शंकुतला हास्पिटल तक करीब 80 फीट चौड़ी सीधी रोड़ बनेंगी। जो गीताभवन रोड से तिलक नगर मेंनरोड को शकुंतला हॉस्पिटल तक पूर्वी रिंगरोड से जोड़ेंगी। साथ ही क्षेत्र के रहवासियों को सीधी सड़क लिंक रोड़ की सौगात के रूप में मिलेंगी। इसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी मेंबर राजेश उदावत और विधायक महेन्द्र हार्डिया ने भी अपनी ओर से लगातार प्रयास किए तब जाकर यह सड़क पिछले साल मंजूर हुई थी।

### 20 मिनिट का सफर महज 5 मिनिट में हो जाएगा पूरा

क्षेत्रीय पार्षद व एमआईसी मेंबर राजेश उदावत बताते है 20 साल पुराने प्रोजेक्ट की में मंजूर लंबे समय से अधूरी लिंक रोड़ के बनने से 20 मिनिट का सफर महज 5 मिनिट में पूरा हो जाएगा। दरसअल मास्टर प्लान में मंजूर लंबे समय से अटकी 80 फीट चौड़ी बनने वाली सड़क के लिए पिछले दिनों निगम द्वारा सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है। वहीं अन्य संबंधित तमाम प्रक्रिया भी एकदम अंतिम दौर में है। बेहद जल्द चुनाव बाद हम जल्द काम भी शुरू करवाने की तैयारी में है ताकि यहां से गुजरने वाले लोगों की राह पहले से आसान हो सकें।

### बाधक निर्माण के बारे में सबसे बनी सहमति

तिलक नगर को रिंगरोड से जोड़ने वाली इस 80 फीट चौड़ी सड़क के लिए निगम द्वारा किए सर्वे में जो बाधाएं है उनमें निगम द्वारा बनाई पानी की टंकी भी है। इसके अलावा एक दो मकान और एक निजी स्कूल के अलावा बाकी जगह खाली पड़ी है। इसलिए इस सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के लिए निगम को ज्यादा तोड़फोड़ भी नहीं करना पड़ेंगी। बाधक निर्माण के बारे में भी सबसे सहमति बन गई है। बारिश से पहले जल्द काम भी शुरू हो जाएगा। हालांकि अभी ड्रेनेज लाइन डालने और शिफ्टिंग संबंधित कार्य चल रहें है। जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य भी अलग अलग हिस्सों में तेजी के साथ शुरु होगा।

## गंदगी देख नाराज हुए निगम कमिश्नर

### दरोगा का एक दिन का वेतन काटें, हाजरी रजिस्टर चेक किया, अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने मंगलवार को कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी पाए जाने पर दरोगा का एक दिन का वेतन काटने को कहा। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर भी चेक किया और कर्मचारियों अनुपस्थिति देख नाराजगी जताई। साथ भी उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।**



निगम कमिश्नर ने सुबह मधु मिलन चौराहा क्षेत्र में हाजरी सेंटर में हाजरी चेक की और कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही आरएनटी मार्ग, रीगल चौराहा, हाई कोर्ट रोड, हुकुमचंद घंटा घर चौराहा, जंजीरवाला चौराहा क्षेत्रों में भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंचम की फेल में भी हाजरी सेंटर का निरीक्षण किया। इसमें पता चला कि दो स्थाई कर्मचारी बिना अवकाश मंजूरी के लगातार अनुपस्थित हैं। उन्होंने दोनों कर्मचारियों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने सभी अपर कमिश्नर को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जो क्षेत्रों में सुबह 6.30 उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण करें। उन्होंने अरबिंदो हॉस्पिटल के पास स्थित औद्योगिक में कचरा और गंदगी पाए जाने पर क्षेत्रीय दरोगा गोपाल ऊंटवाल को फटकार लगाई और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। साथ ही क्षेत्र में स्थित एनजीओ के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

गंदा पानी मिलने से शिप्रा मैली, विधायक ने डुबकी लगाई:परमार बोले-

# इंदौर की गंदगी गिर रही, कलेक्टर बीजेपी के एजेंट, पीने लायक बता रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन की शिप्रा नदी में नालों का गंदा पानी गिर रहा है। 12 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। तराना से कांग्रेस विधायक महेश परमार मंगलवार सुबह शिप्रा के घाट पहुंचे। उन्होंने नदी में मिल रहे गंदे पानी के बीच डुबकी लगाकर और आचमन कर विरोध दर्ज कराया। परमार उज्जैन लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भी हैं। विधायक ने यह भी कहा कि ये लड़ाई राजनीतिक नहीं, हमारे गौरव और अस्तित्व की है।**

विधायक ने कहा, पिछले 20 साल से मध्य प्रदेश में और 10 साल से देश में भाजपा की सरकार है। लगातार सालों से इनके सांसद, विधायक और महापौर हैं। भाजपा और शासन प्रशासन के लोग हमें कलंकित कर रहे हैं। 500 करोड़ खर्च करने के बाद भी ये स्थिति है फिर से 600 करोड़ का नया बजट आया है। हमारे भाजपा के सांसद पिछले 5 साल में यहां एक बार भी नहीं आए हैं। धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले लोग कहां हैं? 40-50 लाख इंदौर वासियों का मल मूत्र रोज इसमें मिलता है।

विधायक ने कहा, उज्जैन कलेक्टर कह रहे हैं कि पीने के पानी की पाइपलाइन फूटी है। वे भाजपा के एजेंट बन गए हैं। उन्होंने कहा, ह्यसांसद अनिल फिरोजिया का विकास दिख रहा है। वे बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, 5 लाख पार (वोट से जीत का दावा), भगवान महाकाल और मां शिप्रा उन्हें शिप्रा से पार कर देंगे।

**रातभर से मिल रहा गंदा पानी-** सोमवार शाम 6.30 बजे रामघाट क्षेत्र सिंह द्वार के पास पीएचई की 750 एमएम की मेन राइजिंग पाइपलाइन (गंभीर वाली) लीकेज हो गई थी। तेजी से बहे पानी से 1600 एमएम की सीवरेज पाइपलाइन के चैंबर ओवरफ्लो हो गए। तब से ही शिप्रा में लगातार गंदा पानी मिल रहा है।

पीने के पानी की पाइपलाइन में लीकेज से सीवरेज पाइपलाइन के चैंबर ओवरफ्लो हो गए। नतीजा गंदा पानी शिप्रा में सोमवार रात से मिल रहा है।

**परमार बोले- सनातन की बात करने वाले मां शिप्रा को शुद्ध नहीं कर पाए-** महेश परमार ने कहा, ह्यशिप्रा मां अशुद्ध हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने शिप्रा मां को शुद्ध करने की शपथ ली थी। टिकट मिलने पर डुबकी लगाई थी। 600-1000 करोड़ खर्च हो गए। बात सनातन, महाकाल और प्रभु श्रीराम की करते हैं, मां शिप्रा को शुद्ध नहीं कर पाए।

उन्होंने कहा, जब कमलनाथ सरकार थी, तब शनिचरी अमावस्या के स्नान के दिन गलती पर संभागायुक्त और कलेक्टर को हटाया था, कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई की थी। मुख्यमंत्री दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाइए। बता दें, 2019 में शनिचर अमावस्या पर शिप्रा में गंदा पानी मिलने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कलेक्टर और कमिश्नर दोनों को हटा दिया था।

**अधिकारी बोले- साफ पानी है; कलेक्टर की शिकायत करेंगे परमार-** पीएचई के असिस्टेंट इंजीनियर एनके भास्कर का कहना है कि गंदा पानी नहीं है। पीने के पानी की पाइपलाइन लीकेज हुई है। यही पानी ओवरफ्लो हुआ है। कचरा और बदबूदार पानी के सवाल पर उन्होंने कहा कि हल्का सा कचरा है। उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह की ओर से प्रेस नोट जारी किया है। कहा गया है कि पानी गंभीर नदी की पाइपलाइन का है। विधायक ने कलेक्टर की शिकायत निर्वाचन आयोग से करने की बात कही है।

# चार मंजिला इमारत गिरी, बुजुर्ग की मौत

### बगल वाले प्लॉट में खुदाई से खिसकी बिल्डिंग की नींव, 3 घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में नींव हिलने से चार मंजिला इमारत भरभराकर पड़ोस के मकान पर गिर गई। मकान भी ढह गया और इसमें सो रहे 65 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। उनके शव को 3 घंटे बाद मलबे से बाहर निकाला जा सका।**

घटना सोमवार देर रात 1.30 बजे हजीरा चार शहर का नाका की है। दोनों मकानों के बगल से ही लगे प्लॉट में बेसमेंट के लिए खुदाई चल रही थी। चार मंजिला मकान की नींव हिलने से वो ताश की पत्तों की तरह गिरी।

हजीरा के चार शहर का नाका में रहने वाले महावीर सिंह अपना मकान तुड़वाकर नया बनवा रहे हैं। मकान के प्लॉट में वह बेसमेंट खुदवा रहे थे। सोमवार देर रात भी खुदाई का काम चल रहा था। बगल में ही उनके भाई हरीशचंद्र का चार मंजिला मकान था। बेसमेंट की खुदाई के दौरान हरीशचंद्र के मकान की नींव खिसक गई।

### पुश्तैनी मकान में अकेले सोते थे बुजुर्ग

चार मंजिला इमारत जिस मकान पर गिरी, वो कच्चा था। उनके भाई देशराज ने बताया कि जगदीश नगर निगम से रिटायर थे। पुश्तैनी मकान के बगल में ही उनका नया मकान भी बना है। इसमें उनका पूरा परिवार रहता है। जगदीश सिंह अपने इस पुश्तैनी मकान में अकेले सोते थे। पड़ोसी हरीशचंद्र के चार मंजिला मकान में कोई नहीं था। परिवार शादी में शामिल होने के लिए गया था।

### मलबा हटाने में दो जेसीबी लगीं, 3 घंटे बाद मिला शव

मलबे में दबने से जगदीश की मौत हो गई। उनकी लाश को निकालने के लिए दो जेसीबी मलबा हटाने के लगाई गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद जगदीश छत के मलबे में दबे मिले। एसडीआरएफ की टीम ने जैक से छत को उठाकर उनके शव को बाहर खींचा।

# नड्डा बोले- लोकलुभावने वादे करके भुलाना कांग्रेस की नीति

रीवा में कहा- मैं, मेरा बेटा, बेटी और दामाद से बाहर इनको कुछ नहीं दिखता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, रीवा, सतना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 23 अप्रैल को मध्यप्रदेश दौरे पर रहे। नडडा 21 दिन में तीसरी बार एमपी आए थे। उन्होंने टीकमगढ़, रीवा और सतना में चुनावी सभा की। नड्डा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, हर चुनाव में लोकलुभावने वादे करना और उसके बाद भुला देना कांग्रेस की नीति है। सारे परिवार की पार्टियां इकट्ठी हो गई है। इनको मैं, मेरा बेटा, बेटी और दामाद के बाहर कुछ नहीं दिखता।

जेपी नड्डा ने कहा- कांग्रेस ने न अंतरिक्ष छोड़ा, न आसमान छोड़ा, न समुद्र छोड़ा, न धरती छोड़ी और न ही पाताल छोड़ा। इन लोगों ने तीनों लोक में घोटाले किए हैं। आप बताओ, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव बेल पर हैं कि नहीं। केजरीवाल और टीएमसी के मंत्री जेल में हैं कि नहीं। ये आधे बेल पर हैं और आधे जेल में हैं।

विपक्षी दलों के घोटाले गिनाएः मुलायम यादव के बेटे अखिलेश ने गोमती रिवर फ्रंट, लैपटॉप, फूड ग्रेन घोटाला, केजरीवाल ने शराब और दवाई घोटाला, डीएमके ने बालू घोटाला, टीएमसी ने टीचर भर्ती घोटाला, कांग्रेस ने कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला किया।

इंडी अलायंस का मोटिवः सब घोटालेबाज इकट्ठे आ गए। हम तुम्हें बचाएं, तुम हमें बचाओ। इस काम में लगे हैं। ये अपनी रैली करते हैं तो अपने दो मुख्यमंत्री के लिए कुर्सी खाली रखते हैं। कहते हैं कि हमारे मुख्यमंत्री जेल में हैं, वे आएंगे तो बैठेंगे।

मजबूत सरकार की जरूरतः 10 साल पहले आप ही कहते थे कि कोई बदलाव नहीं आएगा। लेकिन आप लोग ही कह रहे हैं कि देश बदल चुका है। विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है।

1957 में हमारा मजाक उड़ता थाः 1997 में हमने पालमपुर में कहा था कि राम मंदिर बनवाने का काम करेंगे। 1957 में विरोधी भी इस बात को लेकर हमारा मजाक उड़ाते थे, लेकिन 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की।

मेड इन चाइना से मेड इन इंडियाः 10 साल पहले खिलौने और दीपावली में गणेश जी भी चीन से आकर हमारे घर में विराजते थे। आज खिलौना एक्सपोर्ट करने में भारत, दुनिया में तीसरे स्थान पर आ चुका है। मोबाइल पर मेड इन चाइना नहीं, मेड इन इंडिया लिखा है।

# चैत्र पूर्णिमा पर नर्मदा में आस्था की डुबकी

### नर्मदापुरम में सुबह से घाटों पर स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** चैत्र माह की पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई। नर्मदापुरम में सेठानी घाट, पर्यटन घाट, बांद्राभान संगम समेत सभी घाटों पर अलसुबह 5 बजे से स्नान का सिलसिला शुरू हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नर्मदा में स्नान किया। स्नान के बाद घाट पर पूजन पाठ की। काशी-बनारस में मां गंगा की होने वाली आरती की तर्ज पर 251 दीपों से मां नर्मदा की आरती की गई।

सीबीआई के नाम पर व्यापारी से 2 करोड़ की ठगी

# व्हाट्सअप पर फर्जी अरेस्ट ऑर्डर भेजा, यूपी-बिहार से संचालित रैकेट के 5 आरोपी हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उत्तरप्रदेश-बिहार में बैठे जालसाजों ने सीबीआई और महाराष्ट्र पुलिस के नाम से उज्जैन के एक व्यापारी को फर्जी अरेस्ट वारंट भेजकर 2 करोड़ रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। व्हाट्सअप प्रोफाइल पर महाराष्ट्र पुलिस का लोगो लगाकर फरियादी को धमकी दी। आरोपियों ने साइबर ठगी की वारदात में सीबीआई में प्रकरण दर्ज होने और गिरफ्तारी का डर दिखाकर करोड़ों रुपए बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों को यूपी-बिहार से गिरफ्तार किया है।**

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि 12 अप्रैल को फरियादी ने घटना के संबंध में जानकारी दी। अज्ञात मोबाइल से फरियादी को अलग-अलग मोबाइल नंबर से कॉल कर जेट एयरवेज के मालिक नरेश गोयल के द्वारा किए गए फ्रॉड का रुपया व्यापारी के बैंक खाते में आना बताया एवं उसका प्रकरण सीबीआई में दर्ज होने की जानकारी दी। व्यापारी को अज्ञात कॉलर ने बताया कि मामले का इनवेस्टीगेशन सीबीआई द्वारा किया जा रहा है। कॉलर के व्हाट्सअप पर जब कॉल किया गया तो उसमें महाराष्ट्र पुलिस का लोगो लगा था, साथ ही व्हाट्सअप पर उन्होंने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के विभिन्न विभागों के लेटर पर दिया गया अरेस्ट ऑर्डर, गोपनीय समझोतों की सहमति का एग्रीमेंट एवं सीबीआई के अधिकारी के साइन किए हुए लेटर फरियादी को भेजे।

गिरफ्तारी के डर से व्यापारी ने आरटीजीएस के माध्यम से दो करोड़ रुपए जालसाजों के द्वारा दिए गए पंजाब नेशनल बैंक शाखा नालंदा के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों द्वारा फरियादी को इस बात का विश्वास दिलाया गया की जैसे ही प्रकरण में यह बात साफ हो जाएगी की नरेश गोयल का धोखाधड़ी का रुपए फरियादी के खाते में नहीं आया है फरियादी को उसका पूरे रुपए वापस कर दिए जाएंगे।

### 40 बैंक खातों में ट्रांसफर की राशि

थाना माधव नगर, आईटी सेल, साइबर सेल, क्राइम ब्रांच की टीमों को तकनीकी जानकारी एकत्रित करने, आरोपियों की पहचान करने के लिए एक टीम गठित की गई। पुलिस ने घटना में उपयोग किए गए मोबाइल नंबर, व्हाट्सअप नंबर और संदिग्ध बैंक खातों के संबंध में जानकारी प्राप्त की, तो पता चला कि आरोपियों ने धोखाधड़ी की राशि पंजाब नेशनल बैंक शाखा नालंदा बिहार के मुकेश इंटरप्राईजेस के खाते में ट्रांसफर की। साथ ही उक्त खाते से राज्यों के विभिन्न बैंकों के लगभग 40 बैंक खातों में 2 करोड़ की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। आईटी टीम द्वारा बैंक से प्राप्त जानकारी के आधार पर बेनिफिशियरी खातों के संबंधित बैंक के, व्हाट्सअप एवं गुगल के नोडल अधिकारियों से जानकारियां एकत्रित की गई। जिसमें चौकाने वाली बातें सामने आई हैं। ठगी गई राशि पंजाब नेशनल बैंक शाखा नालंदा के मुकेश इंटरप्राईजेस के नाम खाते में ट्रांसफर हुई थी। यह एकाउंट मुकेश कुमार के द्वारा खुलवाया गया था।

## संपादकीय


### दूर हुई अड़चन, मिलेगा सहारा

गंभीर और ऐसी बीमारियों, जिनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है, स्वास्थ्य बीमा लोगों के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित होता है। स्वास्थ्य बीमा शुरू करने का मकसद भी यही था कि लोगों को स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त रखा जा सके। मगर इसमें एक बड़ी अड़चन थी कि पैंसठ वर्ष से अधिक उम्र के लोग स्वास्थ्य बीमा नहीं खरीद सकते थे। आमतौर पर ज्यादातर लोगों को इसी उम्र के बाद स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां घेरती हैं। मगर स्वास्थ्य बीमा न खरीद पाने के चलते वे निराश हो जाते थे। फिर, कैंसर, हृदय रोग या एड्स जैसी कुछ गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को इसकी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा खरीदने के बाद अड़तालीस महीने तक उसका लाभ नहीं उठाया जा सकता था। अब भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने इन अड़चनों को दूर करते हुए नियम जारी किया है कि पैंसठ वर्ष से अधिक आयु के लोग भी स्वास्थ्य बीमा खरीद सकेंगे। यानी अब किसी भी उम्र में स्वास्थ्य बीमा खरीदा जा सकता है। बीमा कंपनियां अब कैंसर, एड्स और हृदय रोग जैसी बीमारियों की वजह से किसी को बीमा देने से इनकार नहीं कर सकतीं। बीमा खरीदने के छत्तीस महीने बाद उसका लाभ उठाया जा सकेगा। बीमा क्षेत्र को विस्तार देने और प्रतिस्पर्धी बनाने के मकसद से इस क्षेत्र में निजी बैंकों और विदेशी कंपनियों के लिए सौ फीसद निवेश का रास्ता खोला गया था। फिर बीमा कंपनी बदलने की भी छूट दे दी गई थी। निस्संदेह इससे बीमा कंपनियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी और लोगों को इसका लाभ मिलना भी शुरू हो गया। मगर स्वास्थ्य बीमा के मामले में कई तरह की अड़चनें बनी हुई थीं। उम्र और कुछ गंभीर बीमारियां इस रास्ते में बड़ी बाधा थीं। अब उनके हट जाने से निस्संदेह बहुत सारे लोगों के लिए आसानी हो जाएगी। अब जिस तरह जलवायु परिवर्तन और बदलती स्थितियों के चलते अनेक प्रकार की नई-नई बीमारियां पैदा हो रही हैं और बहुत सारे लोगों के लिए इलाज कराना मुश्किल होता जा रहा है, उसमें बीमा कंपनियों का वृद्धावस्था की ओर बढ़ती आबादी को इस सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं था। दुनिया के अनेक देशों में वृद्धों की सेहत पर विशेष ध्यान दिया जाता है, मगर जिस तरह हमारे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ और उनमें सुविधाओं का अभाव बढ़ता गया है, उसमें बुजुर्ग आबादी की सेहत का ध्यान रखना चुनौती बनता गया है। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा की शर्तों को लचीला बनाने से कुछ बेहतर नतीजे मिल सकते हैं।

**Quote...**

"Do not let making a living prevent you from making a life."

-John Wooden




## ज्ञान-विज्ञान

# रात गई, गुलाबी चांद भी गया... क्यों दिखा आसमान में Pink Moon, कैसे मिला इसे ये नाम?



23 अप्रैल 2024 की रात आसमान में गुलाबी चांद खिला था. रात गई तो चांद भी चला गया. लेकिन यह हर साल अप्रैल के महीने में होने वाली खूबसूरत प्राकृतिक घटना है. इसे गुलाबी चांद का नाम देने की पीछे की वजह ये है कि इस महीने और मौसम में दुनिया में कई जगहों पर गुलाबी फूल खिलते हैं. इसलिए इसे ये नाम दिया गया है. अगले एक दो दिन इस चांद को दुनिया में लोग देख पाएंगे.

NASA के साइंस मिशन डायरेक्टोरेट के प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव गॉर्डन जॉनसन कहते हैं कि पूर्ण चंद्र यानी फुल मून महीने में एक बार होता है, जब सूरज, धरती और चांद एक काल्पनिक 180 डिग्री की लाइन पर आते हैं. 24 अप्रैल 2024 की सुबह करीब सवा पांच बजे ये चांद बेहद विशालकाय और अपनी पूरी सुंदरता से चमक रहा था.

नासा की साइंस कम्यूनिकेटर आंद्रिया जोन्स कहती हैं कि चांद की ऑर्बिट धरती की ऑर्बिट से पांच डिग्री अलग है. इसलिए वह हमेशा धरती की परछाई से या तो थोड़ा ऊपर रहता है, या फिर नीचे. इससे सूरज की रोशनी चांद के नजदीकी हिस्से को रोशन करती है. यानी वह हिस्सा जो धरती की तरफ रहता है.

### पिंक मून के और कई रोचक नाम

अप्रैल फुल मून या पिंक मून के और भी कई नाम हैं. जैसे- स्प्राउटिंग ग्रास मून (Sprouting Grass Moon), एग मून (Egg Moon), फिश मून (Fish Moon) आदि. यहूदी इसे पीसैक या पासओवर मून भी कहते हैं. ईसाईयों में इसे पाश्चल मून (Paschal Moon) कहते हैं. इस चांद के निकलने पर ही ईस्टर की तारीख तय की जाती है.

### ग्रहण के समय यही चांद ब्लड मून में बदल जाता है

पूर्ण चंद्र के समय कभी-कभी धरती की परछाई आंशिक या पूरी तरह से चांद पर पड़ जाती है, जिससे चंद्र ग्रहण लग दता है. ग्रहण के समय चांद का रंग जंग लगे हुए लोहे की तरह लाल हो जाता है. जिसे लोग ब्लड मून बुलाते हैं. आमतौर पर चांद लाल तब दिखता है, जब सूरज की रोशनी धरती के चारों तरफ से होती हुई चांद पर पड़ती है.

New Delhi

# UP और बिहार हो जाएं अलर्ट, 5 दिन चलेगी लू IMD ने की भीषण गर्मी की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एक ओर जहां भीषण गर्मी सितम ढाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। वहीं, कुछ राज्यों को तेज हवाएं और बारिश राहत भी पहुंचा रही हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली समेत कई राज्यों में इस सप्ताह बारिश की संभावनाएं जताई हैं। साथ ही अगले 5 दिनों तक बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत कई प्रदेशों में लू की स्थिति भी बन सकती है।

IMD ने बुधवार को जानकारी दी है कि 26 अप्रैल यानी शुक्रवार से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत में मौसम को प्रभावित कर सकता है। इसके चलते 26 से 28 अप्रैल तक जम्मू-कश्मीर, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद में छिटपुट से व्यापक बारिश



या बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसा मौसम 27 और 28 अप्रैल को बन सकता है।

मौसम विभाग ने संभावनाएं जताई हैं कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 26 से 28 अप्रैल तक तेज हवाओं और गरज के साथ कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 30-40 किमी प्रतिघंटा रह सकती है। पूर्वी राजस्थान में 26 अप्रैल को बारिश के आसार हैं। खास बात है कि पंजाब और हरियाणा में 26 और 27 अप्रैल को ओले भी गिर सकते हैं।

IMD का पूर्वानुमान है कि 24 और 25 अप्रैल को मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावनाएं हैं। केरल, माहे में 24 से 28 अप्रैल और आंतरिक कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु में 24 अप्रैल को बारिश के आसार हैं।

Bihar

## पूर्णिया: तेजस्वी के सामने रोड शो रोककर लगाए 'पप्पू यादव जिंदाबाद' के नारे, बीमा भारती समर्थकों से झड़प



**पटना, (एजेंसी)** बिहार के पूर्णिया से पप्पू यादव मैदान में उतरे हैं,और यहीं पर तेजस्वी यादव ने पूरा जोर लगा दिया है, अब पप्पू यादव और आरजेडी में आपसी टकराव दिख रहा है. पूर्णिया के आर एन साह चौक पर, मंगलवार रात 10 बजे तेजस्वी यादव आरजेडी उम्मीदवार बीमा भारती के लिए रोड शो कर रहे थे.

इसी दौरान जब रोड शो शहर के आर एन साह चौक पर पहुंचा जहां पप्पू यादव के कार्यकर्ता चौक पर विरोध प्रदर्शन के लिए सड़क पर खड़े थे. जैसे ही तेजस्वी यादव रोड शो करते हुए यहां पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया.

इसी दौरान पप्पू यादव के कार्यकर्ता तेजस्वी यादव के सामने 'पप्पू यादव जिंदाबाद' के नारे लगाने लगे. इसके बाद बीमा भारती के समर्थकों ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच झड़प हो गई. पप्पू यादव के समर्थकों ने बीमा भारती की रैली में शामिल कई वाहनों को रुकवा दिया, आक्रोषित समर्थकों ने कई वाहनों पर तोड़फोड़ भी कर दी जिसका वीडियो सामने आया है.

इस झड़प पर पप्पू यादव के एक समर्थक ने कहा, 'तेजस्वी यादव जी का दिमाग खराब हो गया है, उसको रांची में इलाज करवाना चाहिए. पुत्र मोह के बाद अब अब पुत्री मोह में फंसे हुए हैं. पूर्णिया ही उनको दिखता है.

New Delhi

## NIA को मिली बड़ी कामयाबी, 700 करोड़ की अटारी ड्रग्स मामले में 7वां तस्कर अरेस्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2022 अटारी सीमा मादक पदार्थ बरामदगी मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है. एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि मुख्य आरोपी उत्तर प्रदेश के शामली के रहने वाला तहसीम उर्फ मोटा इस मामले में गिरफ्तार होने वाला सातवां आरोपी है. जानकारी के मुताबिक, अप्रैल 2022 में सीमा शुल्क विभाग ने इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) से अटारी-अमृतसर के रास्ते अफगानिस्तान से भारत में तस्करी कर रहे 700 करोड़ रुपये कीमत की 103 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी. ड्रग्स को मुलेठी की जड़ों की एक खेप में छुपाया गया था.बयान में कहा गया, अटारी सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी और जब्ती मामले में एनआईए ने एक अन्य प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो दवाओं को बेचकर प्राप्त रुपये को विदेश स्थित फरार मास्टरमाइंडों तक पहुंचाने में शामिल था. आदतन अपराधी तहसीम को पंजाब से उसके खाते में कई बार नकद जमा हुए हैं.

Uttarpradesh

## हैवानियत! घर में घुसकर पांच लड़कों ने नाबालिग को उठाया, जंगल ले जाकर गैंगरेप

**कोसीकलां, (एजेंसी)** मथुरा के कोसीकलां में एक लड़की से गैंगरेप की घटना सामने आई है। समीपवर्ती गांव निवासी एक नाबालिग को गांव के ही पांच युवक घर से उठाकर दूसरे गांव के जंगल में ले गए। जहां नाबालिग से गैंगरेप की घटना को अंजाम देकर उसे बेहोशी की हालत में जंगल में छोड़ फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की को इलाज के लिए भेजा। लड़की के बताने पर परिजनों को घटना की जानकारी दी गई।

मंगलवार की सुबह किशोरी को जंगल में पड़ा देखकर किसानों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस नाबालिग को लेकर स्थानीय हॉस्पिटल पहुंची, जहां होश आने पर उसने अपने साथ हुयी घटना की जानकारी पुलिस को दी। चिकित्सकों ने नाबालिग का चिकित्सीय परीक्षण कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि युवती की हालत गंभीर है। उसका इलाज जारी है।

थाना क्षेत्र की चौकी कोकिलावन के अंतर्गत आने वाले एक गांव निवासी 13 वर्षीय एक नाबालिग को गांव के ही पांच युवक सोमवार की देर रात्रि उसके घर से उठाकर थाना क्षेत्र की चौकी गढ़ीवरवारी के अंतर्गत आने वाले दूसरे गांव के जंगल में ले गये और वहां गैंगरेप की घटना को अंजाम दे बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गये। प्रात जंगल में गये किसानों की सूचना पर पहुंची पुलिस नाबालिग को स्थानीय हॉस्पिटल ले गयी। जहां उपचार के बाद होश आने पर नाबालिग ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी पुलिस को दी व अपने परिजनों को बुलाने को कहा।

खेल

# भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज को लेकर आया पीसीबी प्रमुख का बयान, रखी ये शर्त

**लाहौर।** भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने को लेकर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक रवैया अपनाया था। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी इसे लेकर अपनी राय व्यक्त की है। नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने के तैयार है।

### 'विकल्प पर विचार के लिए तैयार'

न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित



शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की थी और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट सीरीज खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा, देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं।

### आखिरी बार 2012-13 में खेली थी सीरीज

भारत और पाकिस्तान की टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय सीरीज खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था, लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं। राजनीतिक कारणों के चलते लंबे समय से दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है।

दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप के ग्रुप चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था। दोनों टीमों के बीच इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के दौरान भी मैच खेला जाना है। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंततः एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में हुआ था।

सिनेमा

## 'हीरामंडी' पर लगे 700 कारीगर, 7 महीने की मेहनत, तब बना भंसाली की जिंदगी का सबसे बड़ा सेट

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' बस कुछ ही दिन में सबके सामने होगी. अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रहे भंसाली ने कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ी है. ये चीज तो शो के फर्स्ट लुक से ही समझ आने लगी थी.



अपनी फिल्मों में भंसाली जिस तरह इंडियन कल्चर और हेरिटेज को सेट्स में उतारते हैं उसे देखते हुए ये कहना गलत नहीं होगा कि वो स्क्रीन पर 'ग्रैंड' शब्द की परिभाषा गढ़ते हैं. मगर 'हीरामंडी' के मामले में भंसाली ने खुद अपने ट्रेडमार्क लेवल को भी पीछे छोड़ दिया है. भंसाली ने यहां तक कह दिया है कि 'हीरामंडी' का सेट, उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सेट है.

आर्किटेक्चरल डाइजेस्ट से बात करते हुए भंसाली ने 'हीरामंडी' के सेट्स के बारे में दिलचस्प डिटेल्स शेयर कीं. भंसाली ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि इस सेट का कॉन्सेप्ट तैयार करने में उन्हें ऑलमोस्ट 18 साल लगे हैं.

इस सेट में मल्लिकाजान (मनीषा कोइराला) का शाही पैलेस भी शामिल है, जो हीरामंडी की सबसे पावरफुल तवायफ हैं. उनकी टक्कर लेने जा रहीं फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) का ग्रैंड क्वार्टर भी इसी में शामिल है. सेट पर एक बड़ी सफेद मस्जिद, एक बहुत बड़ा सा अहाता और एक हॉल भी हैं जिसमें कई खूबसूरत फव्वारे हैं.

रिपोर्ट में बताया गया कि इस सेट को करीब 700 कारीगरों ने तैयार किया है, जिसमें दुकानें कोठे और हमाम भी शामिल हैं. भंसाली की सुपरविजन में बने इस सेट पर लगे झूमर और लकड़ी के दरवाजे भी हैंडमेड हैं. सेट पर 1930-40 के दौर का टीक वुड फर्नीचर भी है, इसे अहमदाबाद के एक एंटीक स्टोर से खरीदा गया है.

## Highlights

1. **Patanjali issues bigger apology in misleading ads case after Supreme Court questions size**
2. **Excise policy: Kavitha, Kejriwal in judicial custody till 7 May**
3. **Mother sacrificed her mangalsutra for India: Priyanka on PM's 'they'll steal mangalsutra' remark**
4. **Arunachal CM extends birthday wishes to Goa CM Dr. Pramod Sawant**
5. **Why is govt not allowing AIIMS to do Mukhtar's postmortem: Afzal**
6. **President addressed the 4th convocation of AIIMS Rishikesh**

# HUL, Axis Bank to India Hotels, check out the list of companies to report Q4 results today

**NEW DEIHI, (Agency).** Apart from FMCG giant Hindustan Unilever and banking major Axis Bank, a number of other companies will be announcing their 4th quarterly results today including LTIMindtree, Dalmia Bharat, DCB Bank, Dhampur Bio Organics, 5Paisa Capital, Maharashtra Scooters, Chennai Petroleum Corporation and others. In all, 22 companies will announce their Q4 results. Therefore, expect movements in the share prices of these companies depending on how well they have done and what the street thinks about the same going forward.

HUL Q4 Results: Among the most awaited Q4 results today will be those of the FMCG titan Hindustan Unilever (HUL). The company is expected to report an earnings growth with net profit expected to rise by 2.71% to ₹2,538 crore from ₹2,471 crore (YoY). It is expected to report a revenue growth of 1.16% to ₹15,067 crore from ₹14,893



crore in the year-ago period. These figures are as per average estimates of five brokerages. Apart from that, volume growth is expected to come in at 3% in Q4. EBITDA is expected to rise 0.60% to ₹3,492 crore from ₹3,471 crore, YoY.

Axis Bank Q4 Results: The lender is likely to report net profit falling 6.5% to ₹6,322.7 crore in Q4FY24 from ₹6,761.4 crore (YoY). Axis Bank's Net Interest Income (NII) may jump 10.3% YoY to ₹12,955 crore. The bank may report Net Interest Margin (NIM) declining by 11 bps QoQ to 3.95%.

Prabhudas Lilladher estimates Axis Bank loan growth could be at 4.3% QoQ. LTIMindtree Q4 results: The company is expected to reveal a decline in revenue. A consensus of 13 brokerages by Moneycontrol reveals a slight decrease of 0.5 percent (QoQ). It is expected to report revenue at ₹8,971 crore in the quarter and net profit is estimated to decline by 2.2 percent QoQ to ₹1,143.1 crore.

Full list of companies declaring their Q4 results today:

1. Axis Bank
2. AU Small Finance Bank
3. Hindustan Unilever (HUL)
4. LTIMindtree
5. 5Paisa Capital
6. Chennai Petroleum Corporation
7. Dalmia Bharat
8. DCB Bank
9. Dhampur Bio Organics
10. Equitas Small Finance Bank
11. India Hotels
12. Lodha
13. Maharashtra Scooters
14. Anant Raj
15. Agro Tech Foods
16. PNGS Gargi Fashion Jewellery

# Continuum Green Founders Eye $200 Million Loan for Investor Exit

**NEW DEIHI, (Agency).** The founders of India's renewable energy firm Continuum Green Energy Ltd. have hired Deutsche Bank AG to raise a $200 million loan to fund a stake purchase from its majority shareholder, according to people familiar with the matter.

Deutsche Bank has approached private credit funds for the loan at an indicative pricing of an interest rate in the low-teens, said the people who declined to be named for discussing private information. Terms are not finalized and may change.

It the deal materializes, it will help back private equity firm Morgan Stanley Infrastructure Partners LP's partial exit of



Continuum Green. Morgan Stanley Infrastructure held 92.31% of share capital in Continuum Green through a managed fund's unit Clean Energy Investing Limited, according to a bond prospectus in August. Its plan to pare the stake comes as private equity firms globally have at times in the past year struggled to cash in on their investments due to wide valuation gaps and soaring funding costs.

Continuum Green, one of the largest sellers of renewable energy to commercial and industrial consumers in India, announced last week that Clean Energy signed a non-binding pact to sell part of its ownership in the firm to another shareholder, Continuum Energy Pte Ltd. Clean Energy will have a "substantial minority stake" after the transaction, the filing added.

# कैसे हो सुरक्षा के मापदंड, इसको लेकर की मॉक ड्रिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।**

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) श्री हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा सुपर कॉरिडोर इंदौर में किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई।

इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा श्री अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक श्री खालिद मुश्ताक के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस टीम द्वारा ळउर इंदौर के सुरक्षा स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर, किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया।

# क्राइम ब्रांच ने दो बदमाश पकड़े

## हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर रील बनाकर कर रहे थे वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने दो ऐसे बदमाशों को हथियारों के साथ पकड़ा है जो हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर रील बना कर वायरल कर रहे थे। आरोपियों से एक पिस्टल और चाकू जब्त हुए हैं। एक आरोपी को हत्या के मामले में जेल भी जा चुका है।

पुलिस ने मुकुल पिता सुनील चौधरी निवासी जनता जनता क्वार्टर को पकड़ा। उसके पास से एक पिस्टल बरामद हुई है। उसने दोस्तों और अन्य लोगों पर प्रभाव जमाने के लिए पिस्टल खरीदकर उसकी रील बनाई थी। पुलिस उससे पूछताछ कर ये पता लगा रही है कि वह ये पिस्टल कहां से खरीदकर लाया था। पुलिस ने आदित्य उर्फ आदी पिता आनंद निवासी रुस्तम का बगीचा को भी चाकू सहित पकड़ा। इसने भी चाकू दिखाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो डाला था। आदित्य के बारे में पता चला कि वह हत्या के मामले में पूर्व में जेल भी जा चुका है। पुलिस ने जब इन्हें पकड़ा तो पुलिस के सामने गिड़गिड़ाकर माफी मांगने और दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की बात कही।

# अवैध हथियार के साथ पकड़ाया सिकलीगर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध अवैध हथियार शहर में सप्लाई करने आ रहा है। टीम ने घेराबंदी कर गुरुबचन सिंह बडोले, ग्राम धूलकोट,खरगोन को राजीव गाँधी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो देशी कट्टे और एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी के संबंध में जानकारी निकलने पर ज्ञात हुआ कि आरोपी सिकलीगर अवैध हथियार की तस्करी के अपराध मे पहले से ही फरार चल रहा था आरोपी पर पूर्व मे भी करीब आधा दर्जन केस दर्ज हैं।

# प्राणघातक हमले के आरोपी पकड़ाए, पुलिस ने निकाला जुलूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भिश्ती मोहल्ला में मुखबिरी के शक में दो भाईयों पर प्राणघातक हमला करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला। आरोपियों का जुलूस निकालते हुए सदरबाजार थाने से उनको पैदल ही कोर्ट लेकर पहुंचे। रास्तेभर हमलावर कान पकडक़र माफी मांगते रहे और दोबारा वारदात नहीं करने की गुहार लगाते रहे। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों पर डंडे भी फटकारे।**

उल्लेखनीय है कि बीती रात भिश्ती मोहल्ला में रहने वाले फैजल पिता फिरोज और उसके भाई फैजान पर चार लोगों ने क्रिकेट बैट,पाइप और चाकू से हमला किया था। पुलिस ने दोनों भाइयों की शिकायत पर इरफान,शब्बू उर्फ डॉन, इशरान और भय्यू पर प्राणघातक हमले सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया आरोपियों की तलाश में पुलिस ने टीमों को सक्रिय किया उसके बाद चारों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद इलाके में उनका जुलूस निकाला और पैदल ही कोर्ट लेकर पहुंचे।

## होटल मैनेजर पर केस दर्ज

**इंदौर**। विजय नगर पुलिस ने होटल गैलेक्सी पार्क के मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी होटल में बीती रात एक युवक ने खुदकुशी कर ली थी। वह अन्य धर्म की युवती के साथ होटल में रुका था। होटल प्रबंधन पर आरोप है कि उसने युवक -युवती की जानकारी पुलिस को नहीं दी थी। विजयनगर पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम भगतराम पिता सत्यनारायण उपाध्याय निवासी मालवीय नगर है। होटल में ठहरे मोहम्मद मुस्तफा पिता जाहिद निवासी चंपा बाग ने यहां होटल के कमरे में फांसी लगा ली थी। वह अन्य धर्म की युवती के साथ होटल में ठहरा था। युवक-युवती के बीच शादी की बात पर विवाद हो गया था। जिसके बाद मुस्तफा ने खुदकुशी कर ली थी । दोनों के होटल में रुकने की जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई थी। आरोपी होटल संचालक लगातार पुलिस से जानकारियां छुपा रहा था।

## पांचवीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया में तलावली चांदा स्थित डीसीएम स्कूल की पांचवीं मंजिल पर काम कर रहा मजदूर अचानक नीचे गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।**

लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि घटना तलावली चांदा स्थित डीसीएम स्कूल की है। स्कूल की पांचवीं मंजिल पर छत भरने का काम चल रहा था। इसमें कमल पिता सौदान सोलंकी (38) निवासी नंदननगर काम कर रहा था। अचानक उसका बैलेंस बिगड़ा और वह पांचवी मंजिल से नीचे आ गिरा जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में किसी की लापरवाही सामने आई तो उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

## सड़क हादसा : युवक की गई जान

**इंदौर**। गौतमपुरा इलाके में सडक़ हादसे में युवक की मौत का मामला सामने आया है। उसे किस गाड़ी ने टक्कर ये पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक का नाम गणेश पिता धन्नालाल निवासी ग्राम सेमदा देपालपुर बताया गया है। गणेश सडक़ हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बची। पुलिस का कहना है कि परिजन भी ये नहीं बता पा रहे हैं कि उसे किस गाड़ी ने टक्कर मारी थी जिसके कारण उसकी जान चली गई। पुलिस अपने स्तर पर जांच कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

## पत्नी के हत्यारे को भेजा जेल

**इंदौर**। चंदननगर थाना क्षेत्र में गर्भवती पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जंहा से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस पडताल में पता चला है कि आरोपी ने बेटी को भी जान से मारने की धमकी दी थी। चंदननगर थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने बताया कि मुरली सौदागर की रिपोर्ट पर उमेश राठौर नूरी मस्जिद के सामने गणेश नगर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने सोमवार को अपनी गर्भवती पत्नी शारदा राठौर(28) की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। वह पहले पुलिस अफसरों को ये कहकर बरगला रहा था कि शारदा को चाकू उसके हाथ से ही लग गया था । उमेश की बेटी ने ही उसके झूठ की पोल खोल दी और कहा कि मां को पापा ने ही मारा है। इस पर पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि शारदा उसके जेब से उसके रूपए चुरा लेती थी। सोमवार रात को वह रूपए उससे मांग रहा था लेकिन शारदा उसे दे नहीं रही थी और उल्टा उससे विवाद कर रही थी। इस पर उसे गुस्सा आ गया और उसने पास पड़े चाकू से हमलाकर उसकी हत्या कर दी। बताते हैं कि पत्नी की हत्या के बाद उमेश ने बेटी को भी धमकी दी थी कि यदि उसने ये बात किसी को बताई तो उसकी भी हत्या कर देगा।

## लाखों की धोखाधड़ी में फरार अकाउंटेट पकड़ाया

**इंदौर**। बाणगंगा पुलिस ने 34.37 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में उद्योगपति के अकाउंटेंट को गिरफ्तार कर लिया है । आरोपी ने फर्म के नाम से फर्जी खाता खुलवाकर वह पैसा हड़प लिया था। आरोपी को पुलिस ने रिमांड पर लिया है। पुलिस के मुताबिक साउथ तुकोगंज में रहने वाले विधेश सप्रे ने अकाउंटेट की शिकायत की थी कि उसने फर्जी खाते खुलवाकर 34.37 लाख रुपए हड़प लिए हैं। पुलिस ने अकाउंटेंट जितेंद्र कुमार सूर्यवंशी के खिलाफ केस दर्ज किया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक